# Daily Current Affairs

Date : 02 February, 2026

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका



| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की तीन नीतियों के लिए आवेदन प्रक्रिया पूर्ण रूप से ऑनलाइन |
| 2. | कालीबाई भील उड़ान योजना |
| 3. | जयपुर बर्ड फेस्टिवल–2026 |
| 4. | राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा 'टील कार्बन' की खोज |
| 5. | महिला श्रम बल भागीदारी दर: आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 |
| 6. | कवच 4.0 |
| 7. | नया देशीय साझेदारी फ्रेमवर्क (NCPF) |
| 8. | अरब लीग |
| 9. | नए रामसर स्थल |
| 10. | कार्लोस अल्काराज़ : चारों ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की तीन नीतियों के लिए आवेदन प्रक्रिया पूर्ण रूप से ऑनलाइन

### चर्चा में क्यों?

- 01 फरवरी, 2026 से राजस्थान उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की तीन नीतियों के लिए आवेदन प्रक्रिया को पूर्ण रूप से ऑनलाइन किए जाने की अधिसूचना जारी की गई।

### मुख्य बिन्दु:

- इन 3 नीतियों में 'एक ज़िला एक उत्पाद नीति-2024', 'राजस्थान निर्यात प्रोत्साहन नीति-2024' और 'राजस्थान MSMEs नीति-2024' शामिल हैं।
- उपर्युक्त तीनों नीतियों के अंतर्गत आवेदन सिंगल साइन ऑन (SSO) या ई-मित्र के माध्यम से किए जा सकेंगे।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

**एक ज़िला एक उत्पाद नीति-2024:**

- राज्य के विशिष्ट उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए लागू की गई एक ज़िला एक उत्पाद नीति-2024 के तहत् सभी 41 जिलों में एक-एक विशिष्ट उत्पाद की पहचान की गई हैं।
- इसके तहत सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को ₹20 लाख तक की मार्जिन मनी अनुदान दिया जाता है। साथ ही, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और सॉफ्टवेयर पर ₹5 लाख तक अनुदान, क्वालिटी सर्टिफिकेशन और IPR पर ₹3 लाख तक पुनर्भरण राज्य सरकार द्वारा देय है।
- विपणन आयोजनों में भाग लेने के लिए ₹2 लाख तक सहायता, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फीस पर ₹1 लाख/प्रतिवर्ष का 2 साल तक पुनर्भरण और कैटलॉगिंग और ई-कॉमर्स वेबसाइट विकास के लिए ₹75 हजार तक एकमुश्त सहायता का प्रावधान है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान निर्यात प्रोत्साहन नीति-2024:

- **लॉन्च :** 8 दिसंबर, 2024 को अधिसूचित की गई थी और 31 मार्च, 2029 तक प्रभावी रहेगी।
- **उद्देश्य :** इस नीति का उद्देश्य वर्ष 2029 तक राज्य के निर्यात को वर्तमान के ₹83,704 करोड़ से बढ़ाकर ₹1.5 लाख करोड़ करना है।
- राजस्थान निर्यात प्रोत्साहन नीति-2024 के तहत निर्यातकों के दस्तावेजीकरण पर ₹5 लाख और तकनीकी अपग्रेडेशन पर ₹50 लाख तक की सहायता का प्रावधान है। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भागीदारी पर ₹3 लाख तक का अनुदान और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फीस पर ₹2 लाख तक का पुनर्भरण किया जाता है।

## राजस्थान MSMEs नीति:

- **जारी :** 8 दिसम्बर, 2024 को राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित की गई।
- राज्य के छोटे उद्यमियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से लागू राजस्थान MSMEs नीति-2024 के तहत ऋण पर अतिरिक्त 2 फीसदी ब्याज अनुदान दिया जाता है।
- साथ ही, SME एक्सचेंज से धन जुटाने पर ₹15 लाख तक की सहायता, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी तथा सॉफ्टवेयर पर ₹5 लाख तक का अनुदान, क्वालिटी सर्टिफिकेशन और IPR पर ₹3 लाख तक के पुनर्भरण का प्रावधान है।
- विपणन के लिए आयोजनों में भाग लेने पर ₹1.5 लाख तक का अनुदान, डिजिटल उपकरणों पर ₹50 हजार तक पुनर्भरण, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फीस पर ₹50 हजार तक का पुनर्भरण किया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# कालीबाई भील उड़ान योजना

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, सर्वोच्च न्यायालय ने एक महत्त्वपूर्ण निर्णय में मासिक धर्म स्वास्थ्य (Menstrual Health) को संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत 'जीवन के अधिकार' का अभिन्न हिस्सा और एक मौलिक अधिकार घोषित किया।

## मुख्य बिन्दु:

- साथ ही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा देश के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों में कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं को नि:शुल्क बायोडिग्रेडेबल सेनेटरी पैड उपलब्ध कराए जाने के निर्देश जारी किए गए।
- ज्ञातव्य है कि राजस्थान सरकार द्वारा महिलाओं के लिये स्वास्थ्य जागरूकता एवं नि:शुल्क सेनेटरी वितरण हेतु वित्त वर्ष 2021-22 के बजट में 'Health एवं Hygiene' को ध्यान में रखते हुए छात्राओं एवं किशोरियों के लिए 'कालीबाई भील उड़ान योजना' प्रारंभ की गई।

### कालीबाई भील उड़ान योजना:

- **घोषणा :** वित्त वर्ष 2021-22 के बजट में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा।
- **शुभारम्भ :** 19 दिसंबर, 2021 को।
- **विभाग :** निदेशालय महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान।

### योजना के उद्देश्य:

- किशोरियों और महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन के उपयोग हेतु प्रोत्साहित करना एवं उनकी गरिमा, सुरक्षा एवं माहवारी से संबंधित विषयों पर जागरूक करना।
- राज्य में किशोरियों और महिलाओं के लिए सुरक्षित और नि:शुल्क सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराना।
- इस योजना के तहत् 10-45 वर्ष की आयु वर्ग की पात्र महिलाओं को हर महीने 12 सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराए जाते हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# जयपुर बर्ड फेस्टिवल–2026

## चर्चा में क्यों?

- 31 जनवरी और 1 फरवरी, 2026 को जयपुर बर्ड फेस्टिवल–2026 का आयोजन किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन स्थल :** कानोता कैंप रिजॉर्ट, जामड़ोली, जयपुर।
- **थीम:** "जॉइन द सेलिब्रेशन ऑफ विंग्स एंड वेटलैंड्स" (Join the Celebration of Wings & Wetlands)।
- **आयोजक :** ग्रीन पीपल सोसाइटी (जयपुर चैप्टर) द्वारा राजस्थान सरकार के वन विभाग और WWF इंडिया के सहयोग से।
- इस बर्ड फेस्टिवल के दौरान राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें देश के प्रख्यात पक्षी विशेषज्ञों, पर्यावरणविदों और संरक्षण से जुड़े विशेषज्ञों ने सहभागिता की।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- कार्यशाला के दौरान रेप्टर्स एक्सपर्ट रातुल शाह की पुस्तक "Falcons of India" का विमोचन किया गया। पुस्तक में उल्लिखित है कि भारत में रेप्टर्स की कुल 108 प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जिनमें से 60 से अधिक प्रजातियाँ राजस्थान में मौजूद हैं।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

**राजस्थान में स्थित रामसर स्थल :-**

| क्रम | रामसर साइट | घोषणा का वर्ष | शामिल जिले |
|---|---|---|---|
| 1. | केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान | 1981 | भरतपुर |
| 2. | सांभर झील | 1990 | जयपुर, नागौर, अजमेर |
| 3. | खीचन वेटलैंड | 2025 | फलौदी |
| 4. | मेनार वेटलैंड कॉम्प्लेक्स | 2025 | उदयपुर |
| 5. | सिलीसेढ़ झील | 2025 | अलवर |

- **नोट :** विश्व आर्द्रभूमि दिवस प्रति वर्ष 2 फरवरी को मनाया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा 'टील कार्बन' की खोज

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, अजमेर स्थित राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय (CURAJ) के पर्यावरण विज्ञान विभाग ने भारत के पहले 'टील कार्बन' (Teal Carbon) का सफलतापूर्वक अध्ययन पूर्ण किया। इसे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने वाला प्रभावी नेचर-बेस्ड सॉल्यूशन माना जा रहा है।




## मुख्य बिन्दु:

- CURAJ टीम द्वारा यह शोध भरतपुर स्थित केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (KNP) में आयोजित किया गया। जिसमें अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (EPA) और ओहियो के केन्यन कॉलेज के अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं ने भी सहयोग किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **अध्ययन का उद्देश्य :** आर्द्रभूमि (Wetlands) में कार्बन भंडारण की क्षमता को समझना और जलवायु परिवर्तन शमन (Mitigation) में इनकी भूमिका का आकलन करना।

**टील कार्बन:**

- 'टील कार्बन' उस जैविक कार्बन को कहते हैं जो गैर-ज्वारीय मीठे पानी की आर्द्रभूमि; जैसे - झीलों और दलदली क्षेत्रों में जमा होता है।
- यह कार्बन पौधों, सूक्ष्मजीवी बायोमास और कार्बनिक पदार्थों के रूप में मिट्टी और वनस्पतियों में सुरक्षित रहता है। टील कार्बन हल्के आसमानी रंग का होता है और यह बड़ी मात्रा में कार्बन का दीर्घकालिक भंडारण करता है।

**अध्ययन के निष्कर्ष:**

- **मीथेन उत्सर्जन :** शोध में पाया गया कि प्रदूषित होती आर्द्रभूमियाँ हानिकारक मीथेन और कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ सकती हैं।
- **बायोचार का उपयोग :** वैज्ञानिकों ने मीथेन उत्सर्जन को कम करने और आर्द्रभूमि संरक्षण के लिए बायोचार के उपयोग की सिफारिश की है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## आर्थिक घटनाक्रम

### महिला श्रम बल भागीदारी दर: आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26

**चर्चा में क्यों?**

- आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में रेखांकित किया गया है कि वर्ष 2050 तक महिला श्रम बल भागीदारी दर को लगभग 55% तक बढ़ाना, उच्च वार्षिक GDP विकास को बनाए रखने के लिए महत्त्वपूर्ण हो सकता है।




**मुख्य बिन्दु:**

**भारत में महिला श्रम बल भागीदारी (FLFP) की स्थिति**

- **बढ़ती भागीदारी:** महिला श्रम बल भागीदारी दर (FLFPR) में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। यह 2017-18 की 23.3% से बढ़कर 2023-24 में 41.7% हो गई है।
- **उद्यमशीलता:** महिला नेतृत्व व स्वामित्व वाले प्रतिष्ठानों में सकारात्मक रुझान देखा गया है। 2021-22 में इनका प्रतिशत 24.2% था, जो 2023-24 में बढ़कर 26.2% हो गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## महिला श्रम बल भागीदारी के समक्ष प्रमुख चुनौतियाँ

- **दोहरा कार्य बोझ:** समय उपयोग सर्वेक्षण, 2024 के अनुसार महिलाएँ प्रतिदिन औसतन 363 मिनट अवैतनिक कार्यों (बिना वेतन वाले घरेलू काम) पर व्यतीत करती हैं।
- **गतिशीलता और "पिंक टैक्स":** सुरक्षा चिंताओं के कारण महिलाएँ अक्सर सुरक्षित परिवहन साधनों के लिए अधिक लागत का भुगतान करती हैं, जिसे "पिंक टैक्स" कहा जाता है।
- **संरचनात्मक बाधाएँ:** किफायती आवास की कमी और कार्य के लचीलेपन का अभाव, जो अक्सर देखभाल की जिम्मेदारियों के साथ टकराते हैं।
- **कौशल और शिक्षा का अंतर:** STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) को पुरुषों का क्षेत्र मानने वाली धारणा और शिक्षा की उच्च लागत, इन उच्च-मूल्य वाले क्षेत्रों में महिलाओं के प्रवेश को सीमित करती है।


UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## कवच 4.0

### चर्चा में क्यों?

- भारतीय रेलवे ने रेल सुरक्षा को चाक-चौबंद करने के लिए कवच 4.0 (Kavach 4.0) की स्थापना में तेजी ला दी है।




### मुख्य बिन्दु:

#### कवच 4.0 के बारे में:

- यह भारत की स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली का नवीनतम और सबसे अत्याधुनिक संस्करण है।
- इसमें माइक्रोप्रोसेसर, ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (GPS) और रेडियो संचार तकनीकों का एक साथ उपयोग किया गया है।
- यह सिग्नल पासिंग एट डेंजर (SPAD) के खिलाफ स्वचालित सुरक्षा प्रदान करता है और ट्रेनों के बीच आमने-सामने की टक्कर को रोकता है।
- यह लगातार ट्रेन की गति की निगरानी करता है और ओवरस्पीडिंग को नियंत्रित करता है। यह कम दृश्यता या खराब मौसम के दौरान भी सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करता है।
- यदि ट्रेन गलत दिशा में या रिवर्स चलती है, तो यह प्रणाली तुरंत अलर्ट उत्पन्न करती है।
- यह SIL-4 मानकों का अनुपालन करता है, जो विश्व स्तर पर सुरक्षा मानक का उच्चतम स्तर है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# नया देशीय साझेदारी फ्रेमवर्क (NCPF)

## चर्चा में क्यों?

- भारत और विश्व बैंक के बीच 2026-2031 की अवधि के लिए नया देशीय साझेदारी फ्रेमवर्क (New Country Partnership Framework: NCPF) पर हस्ताक्षर किए है।




## मुख्य बिन्दु:

- इसके तहत् भारत को 8-10 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### NCPF – अतिरिक्त जानकारी-

- यह साझेदारी निजी क्षेत्र के नेतृत्व में रोजगार सृजन, कौशल विकास, लघु व मध्यम उद्यमों की बाधाओं को कम करना, नए रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करेगी।

### NCPF के चार प्रमुख रणनीतिक लक्ष्य-

- ग्रामीण समृद्धि को बढ़ावा।
- शहरी क्षेत्रों में रूपानतरण को बढ़ावा देना।
- जन सुविधाओं में निवेश – जैसे: शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास ऊर्जा सुरक्षा, मूल अवसंरचना व जलवायु लचीलापन को मजबूत करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## अरब लीग

### चर्चा में क्यों?


- भारत के विदेश मंत्री ने अरब लीग के मंत्रियों से संवाद के जरिए संबंधों को मजबूत करने पर बल दिया।

### मुख्य बिन्दु:

**अरब लीग- अतिरिक्त जानकारी-**

- **स्थापना:** वर्ष 1945, काहिरा में।
- यह 1944 के अलेक्जेंड्रिया प्रोटोकॉल को अपनाने के बाद अस्तित्व में आया।
- **मुख्यालय:** काहिरा (मिश्र)
- यह मध्य पूर्व और अफ्रिका के कुछ हिस्सों के अरब देशों का एक अंतर-सरकारी क्षेत्रीय संगठन है।
- **सदस्य:** 22 देश।
- इनमें फिलिस्तीन (एक देश के रूप में मान्यता प्राप्त) भी शामिल है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## नए रामसर स्थल

### चर्चा में क्यों?

- केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री ने भारत की रामसर सूची में 2 नई आर्द्रभूमियों के सूचीबद्ध होने की घोषणा की।



### मुख्य बिन्दु:

- पटना पक्षी अभयारण्य और छारी-ढांढ के साथ अब रामसर अभिसमय के तहत् भारत में कुल आर्द्रभूमियों की संख्या 98 हो गई है।

**पटना पक्षी अभयारण्य-**

- **स्थापना:** वर्ष 1991
- **अवस्थिति:** एटा, उत्तर प्रदेश।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यह उत्तर प्रदेश का सबसे छोटा पक्षी अभयारण्य है।
- **जलीय पक्षी:** लेसर विसलिंग-बतख, ग्रेलाग कलहंस, कॉम्ब बतख, रडी शेलडक, गॉडवाल, नॉर्दर्न शोवेलर, नॉर्डर्न पिनटेल आदि।

**छारी-ढांढ आर्द्रभूमि रिज़र्व-**

- **अवस्थिति:** कच्छ, गुजरात।
- यह शुष्क बन्नी घास के मैदानों और कच्छ के रण में नमक के दलदली मैदानों में अवस्थित।
- **प्रजातियाँ:** डेलमेटियन पेलिकल, ऑरिएंटल डार्टर, ब्लैक नेक्ड स्टॉर्क, इंडियन स्किमर आदि।
- यह क्षेत्र चिर बत्ती या भूतिया रोशनी के लिए प्रसिद्ध है। यह बन्नी घास के मैदानों में अंधेरी रातों में देशी जाने वाली एक उद्भूत परिघटना है।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 🏆 खेल परिदृश्य 🏆

## कार्लोस अल्काराज़ : चारों ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी

### चर्चा में क्यों?

- स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ सर्बिया के नोवाक जोकोविच को ऑस्ट्रेलियन ओपन-2026 के फाइनल में हराकर करियर ग्रैंड स्लैम (चारों मेजर खिताब) पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने।



### मुख्य बिन्दु:

- 22 वर्षीय अल्काराज़ ने राफेल नडाल का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 24 वर्ष 101 दिन की उम्र में यूएस ओपन - 2010 जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया था।



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## कार्लोस अल्काराज़ की उपलब्धियां:

| उपलब्धि | विवरण |
|---|---|
| सबसे कम उम्र के वर्ल्ड नंबर 1 | सितंबर, 2022 में US ओपन जीतने के बाद, 19 वर्ष 129 दिन की उम्र में ATP रैंकिंग में नंबर 1 बनने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बने। |
| सबसे कम उम्र के ईयर-एंड नंबर 1 | वर्ष 2022 का सीज़न वर्ल्ड नंबर 1 के रूप में समाप्त किया; 19 वर्ष की उम्र में ईयर-एंड नंबर 1 बनने वाले पहले टीनएजर। |
| सभी सरफेस (कोर्ट) पर ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी | 2024 फ्रेंच ओपन जीतकर तीनों सरफेस पर ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बने। हार्ड कोर्ट (US ओपन 2022), ग्रास कोर्ट (विंबलडन 2023), क्ले कोर्ट (फ्रेंच ओपन, 2024) |
| क्ले कोर्ट पर ऐतिहासिक उपलब्धि | 2022 मैड्रिड में क्ले कोर्ट पर लगातार मैचों में राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच को हराने वाले पहले खिलाड़ी। |
| सबसे कम उम्र के ओलंपिक गोल्ड मेडल मैच प्रतिभागी | पेरिस ओलंपिक, 2024 में सिंगल्स गोल्ड मेडल मैच खेलने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी; फाइनल में सिल्वर मेडल जीता। |


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR